**जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद–चित्रकूट में निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं के प्रगति के सम्बन्ध मे <u>दिनांक–03.10.2024 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी समीक्षा बैठक का कार्यवृत्तः–</u>**

उक्त आयोजित बैठक मे निम्नलिखित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहेः–

1. श्रीमती अमृतपाल कौर, (I.A.S) मुख्य विकास अधिकारी, चित्रकूट।
2. श्री आशीष कुमार भारती, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) / नोडल विभाग जल जीवन मिशन चित्रकूट
3. श्री पंकज, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) / नोडल विभाग जल जीवन मिशन चित्रकूट।
4. श्री महावीर सिंह, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (वि0 / या0) चित्रकूट।
5. श्री शोभित गुप्ता, श्री गुलाम सिबतैन, श्री बिस्मिल्लाह, सहायक अभियन्ता, (सिविल) SWSM उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट।
6. श्री अभयनारायन दीक्षित, डिप्टी टीम लीडर, (TPI)
7. श्री विनय कुमार ,क्वालिटी इंजीनियर, (TPI)
8. श्री अजय नायक, डी0पी0एम0, कार्यदायी संस्था (L&T)
9. श्री प्रोविंस कटियार, प्लानिंग मैनेजर, कार्यदायी संस्था (L&T)
10. श्री एस0 मौर्या, डी0पी0एम0, कार्यदायी संस्था जी0वी0पी0आर0।
11. श्री अजय मिश्रा प्लानिंग इंजीनियर, कार्यदायी संस्था (GVPR)।
12. श्री विकास पाण्डेय, प्लानिंग इंजीनियर, कार्यदायी संस्था (GVPR)।
13. श्री विष्णु कुमार दुबे, प्रतिनिधि मैसर्स श्री विद्युत कुमार जैन, ठेकेदार रेट्रोफिटिंग जल निगम पैकेज–01
14. श्री सुशील कुमार द्विवेदी, प्रतिनिधि मैसर्स श्री सन्तोष कुमार द्विवेदी, ठेकेदार रेट्रोफिटिंग जल निगम पैकेज–2 व 3
15. श्री शिवम, प्रतिनिधि मैसर्स भारतीय इंजीनियर्स, जी0एफ0–18, अली कार्पोरेट प्लाजा मैरिज रोड, अलीगढ।
16. श्री रजत साहनी, प्रतिनिधि, मैसर्स शिवा एसोसिएट, एच0ओ0–216 रामपुर नया गांव गोरखपुर।
17. श्री आलोक कुमार, ठेकेदार जल निगम।

जल जीवन मिशन जनपद चित्रकूट।

---

सर्व प्रथम बैठक में उपस्थित नोडल विभाग (जल जीवन मिशन) के अधिशासी अभियन्ता, (सिविल) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) श्री आशीष कुमार भारती एवं अधिशासी अभियन्ता, (विद्युत यान्त्रिकी) उ0प्र0 जल निगम श्री सुमित कुमार, थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेन्सी सेसिस टेक लि0 (TPI) के डिप्टी टीम लीडर श्री अभयनारायन दीक्षित तथा कार्यदायी संस्था–(L&T)के कंस्ट्रक्शन मैनेजर, कार्यदायी संस्था–(GVPR) इंजीनियर्स लि0 के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, श्री एस0 मौर्या से जनपद चित्रकूट में जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्माणाधीन सिलौटा सिलौटा मुस्तकिल व चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना, रैपुरा ग्राम समूह पेयजल परियोजना तथा रेट्रोफिटिंग व पुनर्गठन पेयजल योजनाओं (पैकेज संख्या–01 ,02 एवं 03) व मऊ ग्राम समूह परियोजना,बरगढ, परदवां, कोल्हुवामाफी परियोजना के विभिन्न कम्पोनेंट्स पर किये गये कार्यो की भौतिक प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। पूर्व सूचना के बावजूद एल0एण्ड0टी0 के प्रोजेक्ट मैनेजर के द्वारा बैठक में प्रतिभाग नहीं किया गया। उनके स्थान पर कंस्ट्रक्शन मैनेजर के द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया जिसके सम्बन्ध में नोडल विभाग (जल जीवन मिशन) के अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को उक्त समीक्षा बैठक से अनुपस्थित रहने के सम्बन्ध मे नोटिस निर्गत कर जवाब तलब किये जाने निर्देश दिये गये। उक्त बैठक मे निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा का विवरण निम्नवत हैः–

| S. No | District | Agency | Scheme | Village Alloted | Intake | WTP | CWR | | | OHT | | | | | ROAD RESTORATION | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | Required | Complete till Date 13.08.2024 | Complete till Date 03.10.2024 | Required | Complete till Date 13.08.2024 | Complete till Date 03.10.2024 | 50 Day's Total Progress | Completed (%) | Villages Alloted | Complete till Date 13.08.2024 | Complete till Date 03.10.2024 | 50 Day's Total Progress | Restored (%) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| 1 | Chitrakoot | GVPR | Raipura GOV | 71 | 1 (98%) | 1 (95%) | 11 | 11 | 11 | 25 | 22 | 22 | 0 | 88% | 71 | 41 | 49 | 8 | 69% |
| | | Larsen & Toubro Ltd | Silauta Mustkil GOV | 59 | 1 (98%) | 1 (95%) | 6 | 6 | 6 | 17 | 15 | 16 | 1 | 100% | 59 | 49 | 51 | 2 | 86% |
| | | | Chandi Bangar GOV | 286 | 1 (90%) | 1 (80%) | 20 | 19 | 19 | 91 | 62 | 62 | 5 | 74% | 286 | 151 | 160 | 9 | 56% |
| Total Chitrakoot | | | | 416 | 3 | 3 | 37 | 36 | 36 | 133 | 99 | 100 | 6 | 80% | 416 | 241 | 260 | 19 | 63% |

| S.No | District | Name of Firm/ Agency | Scheme Name | Villages Alloted | PIPELINE(KM) | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | RAW WATER | | | | CLEAR WATER | | | | | DISTRIBUTION MAIN | | | | |
| | | | | | Required | Complete till Date 13.08.2024 | Complete till Date 03.10.2024 | Completed (%) | Required | Complete till Date 13.08.2024 | Complete till Date 03.10.2024 | 50 Day's Total Progress | Completed (%) | Required | Complete till Date 13.08.2024 | Complete till Date 03.10.2024 | 50 Day's Total Progress | Completed (%) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 1 | Chitrakoot | GVPR | Raipura GOV | 71 | 2.41 | 2.41 | 2.41 | 100% | 245.03 | 206.89 | 214.75 | 7.76 | 88% | 634.94 | 492.55 | 581 | 88.45 | 92% |
| | | Larsen & Toubro Ltd | Silauta Mustkil GOV | 59 | 10.55 | 10.55 | 10.55 | 100% | 162 | 140 | 144 | 4 | 89% | 425 | 398 | 403 | 5 | 95% |
| | | | Chandi Bangar GOV | 286 | 2.24 | 2.24 | 2.24 | 100% | 547 | 502.6 | 507 | 4.4 | 93% | 2492 | 1852 | 2089 | 237 | 84% |
| **Total Chitrakoot** | | | | **416** | **15.2** | **15.2** | **15.2** | **100%** | **954.03** | **849.59** | **865.75** | **16.16** | **90%** | **3551.94** | **2742.55** | **3073** | **330.45** | **90%** |

| S.No | District | Name of Firm/ Agency | Scheme Name | HGJ Status | | | | | | | Comissioning of Village | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Villages Alloted | House hold | FHTC Given as on Today | FHTC % | HGJ Certified Villages on 13-08-2024 | HGJ Certified Villages on 03-10-2024 | 50 Day's Total Progress | Comissioned village on 13-08-2024 | Comissioned village on 03-10-2024 | 50 Day's Total Progress | Regular water supply on 13-08-2024 | Regular water supply on 03-10-2024 | 50 Day's Total Progress |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 1 | Chitrakoot | GVPR | Raipura GOV | 71 | 19570 | 16696 | 85 % | 9 | 13 | 4 | 47 | 49 | 2 | 23 | 27 | 4 |
| | | Larsen & Toubro Ltd | Silauta Mustkil GOV | 59 | 11880 | 11265 | 95 % | 42 | 42 | 0 | 59 | 59 | 0 | 50 | 51 | 1 |
| | | | Chandi Bangar GOV | 286 | 85767 | 74371 | 87 % | 31 | 35 | 4 | 173 | 186 | 13 | 80 | 95 | 15 |
| | | Retro and Operation Maintainance Scheme | | 145 | 46582 | 46509 | 100 % | 116 | 119 | 3 | 116 | 119 | 3 | 116 | 119 | 3 |
| **Total Chitrakoot** | | | | **561** | **163799** | **148841** | **91 %** | **198** | **209** | **11** | **395** | **413** | **18** | **269** | **292** | **23** |

| List of Manpower Deployed for Civil work in JJM Chitrakoot Project on dated 04-10-2024 Raipura | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| S No. | Descriptions | Raipura WSS | | | |
| | | Required Team/ Manpower | Deployed Team/ Manpower | Required Team/ Manpower (E&M) | Deployed Team/ Manpower (E&M) |
| 1 | INTAKE | 10 | 0 | 10 | 0 |
| 2 | WTP | 30 | 15 | 20 | 6 |
| 3 | CWR & PH | 40 | 15 | 30 | 0 |
| 4 | OHT | 40 | 29 | 20 | 0 |
| 5 | PIPELINE & Gap Closing | 100 | 77 | - | - |
| 6 | COMMISSIONING | 50 | 36 | - | - |
| 7 | Road Restoration | 160 | 113 | - | - |
| 8 | FHTC | 180 | 33 | - | - |
| | Total | 610 | 318 | 80 | 6 |

| List of Manpower Deployed for Civil work in JJM Chitrakoot Project on dated 04-10-2024 SMCB | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S No. | Descriptions | Silauta Mustakil | | | | Chandi Banger | | | |
| | | Required Team/ Manpower | Deployed Team/ Manpower | Required Team/ Manpower (E&M) | Deployed Team/ Manpower (E&M) | Required Team/ Manpower | Deployed Team/ Manpower | Required Team/ Manpower (E&M) | Deployed Team/ Manpower (E&M) |
| 1 | INTAKE | 15 | 0 | 10 | 0 | 35 | 5 | 5 | 0 |
| 2 | WTP | 50 | 15 | 10 | 3 | 70 | 17 | 15 | 3 |
| 3 | CWR & PH | 40 | 11 | 30 | 3 | 90 | 58 | 20 | 23 |
| 4 | OHT | 80 | 31 | 20 | 0 | 450 | 298 | 70 | 0 |
| 5 | PIPELINE & Gap Closing | 40 | 21 | - | - | 250 | 61 | 50 | - |
| 6 | COMMISSIONING | 40 | 4 | - | - | 350 | 255 | - | - |
| 7 | Road Restoration | 50 | 10 | - | - | 350 | 161 | - | - |
| 9 | FHTC | 60 | 5 | - | - | 150 | 60 | - | - |
| 10 | Total | 375 | 97 | 70 | 6 | 1745 | 915 | 155 | 26 |

उपरोक्त से स्पष्ट है कि फर्म के द्वारा सभी कम्पोनेन्टों पर आवश्यक मैनपावर एवं मशीनरी नहीं लगायी गयी है जिसके कारण उपरोक्त परियोजनाओ की कमीशनिंग, नियमित जलापूर्ति "हर घर जल" प्रमाणीकरण इत्यादि कार्यो की भौतिक प्रगति अत्यन्त धीमी एव खराब है। जो कि अत्यन्त ही आपत्तिजनक है। समीक्षा बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था (L&T) के कंस्ट्रक्शन मैनेजर एवं कार्यदायी संस्था (GVPR) के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर श्री एस.मौर्या को निर्देशित किया गया कि अपने–अपने परियोजनाओ से सम्बन्धित इण्टेकवेल, WTP, CWRs, OHTs पाइपलाइन एवं गैप क्लोजिंग/होने वाले लीकेज, हाउस कनेक्शन, ग्रामों की कमीशनिंग, रोस्टवार नियमित जलापूर्ति, हर घर जल प्रमाणीकरण इत्यादि उपरोक्त अवशेष कार्यो के दृष्टिगत दोनो कार्यदायी संस्था (L&T/ GVPR) को अतिरिक्त मैनपावर एवं मशीनरी की तैनाती करते हुए गम्भीरता के साथ (24x7) दिन–रात्रि कार्य कराने की आवश्यकता है। सभी अवशेष कार्यो को माह अक्टूबर 2024 तक प्रत्येक दशा मे पूर्ण कराने सख्त निर्देश दिये गये है। साथ ही साथ फर्म एल0एण्ड0टी0, जी0वी0पी0आर0, रेट्रोफिटिंग के समस्त कान्ट्रैक्टर्स को सख्त निर्देश दिये गये कि पाइप लाइन बिछाने एवं हाउस कनेक्शन कार्यों के दौरान मानक के अनुरूप ही पाइप लाइन एवं हाउस कनेक्शन, एम0डी0पी0ई0 पाइप की गहराई करते हुये कार्य पूर्ण कराया जाये। नोडल विभाग जल जीवन मिशन, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियन्ता, एवं टी0आई0पी के डिप्टी टीम लीडर को निर्देशित किया गया है कि अपने अधीनस्थ समस्त इंजीनियर्स को उपरोक्त परियोजनाओ के ग्रामो के कार्य स्थलों में भेजकर पाइप लाइन एवं हाउस कनेक्शन के कार्यो को मानक के अनुरूप क्वालिटी/गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त समीक्षा बैठक में उपस्थित नोडल विभाग जल जीवन मिशन, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियन्ता, (सिविल) श्री आशीष कुमार भारती एवं अधिशासी अभियन्ता (विद्युत यान्त्रिकी) श्री सुमित कुमार तथा टी0आई0पी के डिप्टी टीम लीडर श्री अभयनारायन दीक्षित को निर्देशित किया गया है कि अपने अधीनस्थ समस्त इंजीनियर्स को उपरोक्त परियोजनाओ के निर्माणाधीन घटक क कार्य स्थलों भेजकर (सिविल/इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल) के कार्यो पर प्रयोग होने वाले समस्त मैटेरियल/सामाग्रियो की क्वालिटी/गुणवत्ता की जांच कराते हुये मानक के अनुरूप कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## 2–रोड रेस्टोरेशन की स्थिति

| क्र | परियोजना का नाम | कुल ग्राम की संख्या | शत प्रतिशत रोड रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण होने वाले ग्रामो की संख्या | अभी कितने ग्रामो में रोड रेस्टोरेशन का कार्य प्रारम्भ नही किया गया। | वर्तमान में कितने ग्रामो मे रोड रेस्टोरेशन का कार्य गतिमान है | मैनपावर | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | कुल लक्षित | कार्यरत |
| 1 | सिलौटा मु0 ग्राम समूह पेयजल परियोजना | 59 | 51 | 5 | 03 | 50 | 10 |
| 2 | चांदीबांगर ग्राम समूह पेयजल परियोजना | 286 | 160 | 101 | 23 | 350 | 161 |
| 3 | रैपुरा ग्राम समूह पेयजल परियोजना | 71 | 49 | 17 | 04 | 160 | 113 |

उपरोक्त समीक्षा बैठक में संज्ञानित हुआ कि उपरोक्त परियोजनाओं की रोड रेस्टोरेशन की प्रगति jjm portal पर टी0पी0आई0 के द्वारा अपडेट की गयी है जिसके अवलोकन से स्पष्ट है कि रोड रेस्टोरेशन के कार्यों की प्रगति अत्यन्त धीमी एव खराब है। जो कि अत्यन्त ही आपत्तिजनक है। कार्यदायी संस्था (L&T/GVPR) के द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित मशीनरी एवं मैनपावर की तैनाती नही किये जाने के कारण अधिकांश ग्रामों अभी तक रोड रेस्टोरेशन कार्य अभी तक प्रारम्भ नही किया गया है जिससे क्षुब्ध होकर ग्राम के निवासियों, सम्बन्धित ग्राम प्रधान/अन्य जन प्रतिनिधियों द्वारा ऑनलाइन/ऑफलाइन शिकायते प्राप्त होती रहती है। इस सम्बन्ध मे सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर/टीम लीडर्स को अतरिक्त मैनपावर एवं मशीनरी बढाकर माह अक्टूबर 2024 तक जनपद में निर्माणाधीन समस्त पाइप पेयजल परियोजनाओ के अन्तर्गत ग्रामों में खोदी/तोडी गयी सडके/सी.सी.रोड/खडंजा/इंटरलाकिंग इत्यादि के रोड रेस्टोरेशन के कार्यो को शत–प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। डिप्टी टीम लीडर, सेन्सिस टेक लि0 टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित ग्रामों में शत–प्रतिशत रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त ही jjm portal पर प्रगति अपडेट की जाये, अन्यथा की स्थिति में जांच करने पर यदि विसंगति पायी जाती है तो उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। साथ ही साथ नोडल विभाग जल जीवन मिशन, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियन्ता, एवं टी0आई0पी के डिप्टी टीम लीडर को निर्देशित किया गया है कि अपने अधीनस्थ समस्त इंजीनियर्स को उपरोक्त परियोजनाओ के ग्रामो के कार्य स्थलों में भेजकर रोड रेस्टोरेशन के कार्यो पर प्रयोग होने वाले समस्त मैटेरियल/सामाग्रियो की मानक के अनुरूप क्वालिटी/गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा उपरोक्त ग्रामवासियों/मा0 जन प्रतिनिधियो को जल जीवन मिशन से सम्बन्धित समस्याओं का त्वरित समाधान कराना सुनिश्चित करें।

## उ0प्र0 जल निगम की रेट्रोफिटिंग योजनाओं की समीक्षा –

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट की परियोजनायें रेट्रोफिटिंग व पुनर्गठन (पैकेज 01,02 व 03) मऊ बरगढ परदवा, कोल्हुवामाफी परियोजनाओं के कार्यो का विवरण निम्नवत है:–

| S. No | District | Scheme | Village Alloted | CWR | | | OHT | | | | | Comissioning of Village | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Required | Complete till Date 13.08.2024 | Complete till Date 03.10.2024 | Required | Complete till Date 13.08.2024 | Complete till Date 03.10.2024 | 50 Day's Total Progress | Completed (%) | Comissioned village on 13-08-2024 | Comissioned village on 03-10-2024 | 50 Day's Total Progress | Regular water supply on 13-08-2024 | Regular water supply on 03-10-2024 | 50 Day's Total Progress |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 1 | Chitrakoot | Package 1 | 16 | 11 | 9 | 10 | 5 | 2 | 4 | 2 | 80% | 5 | 9 | 4 | 3 | 5 | 2 |
| 2 | | Package 2 | 14 | 13 | 11 | 13 | 7 | 7 | 7 | 1 | 100 % | 5 | 6 | 1 | 5 | 6 | 1 |
| 3 | | Package 3 | 10 | 9 | 9 | 9 | 5 | 5 | 5 | 1 | 100 % | 3 | 4 | 1 | 3 | 4 | 1 |
| 4 | | Mau Retrofitting | 11 | 8 | 4 | 4 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0% | 0 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | | Bargarh Retrofitting | 9 | 9 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0% | 2 | 5 | 3 | 2 | 5 | 3 |
| 6 | | Pardawan WSS | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 1 | 1 | 33% | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 | 1 |
| 7 | | Kolhua Mafi | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | 100 % | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| Total Chitrakoot | | | 64 | 50 | 34 | 37 | 23 | 14 | 18 | 06 | 59% | 15 | 27 | 12 | 13 | 21 | 08 |

| S.No | District | Scheme | Village Alloted | Pipeline | | | | | | FHTC | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Rising Main | | | Distribution | | | | | |
| | | | | Required | Complete till Date 13.08.2024 | Complete till Date 03.10.2024 | Required | Complete till Date 13.08.2024 | Complete till Date 03.10.2024 | Required | Complete till Date 13.08.2024 | Complete till Date 03.10.2024 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 1 | Chitrakoot | Package 1 | 16 | 7.06 | 1.5 | 2.26 | 113.54 | 123.97 | 123.97 | 9358 | 8324 | 8577 |
| 2 | | Package 2 | 14 | 12.46 | 6.29 | 6.29 | 99.44 | 91.15 | 92.53 | 6122 | 3799 | 3840 |
| 3 | | Package 3 | 10 | 11.49 | 6.05 | 6.05 | 71.21 | 71.21 | 71.21 | 9355 | 4389 | 4389 |
| 4 | | Mau Retrofitting | 11 | 9.28 | 0 | 0 | 84.28 | 31.70 | 58.7 | 4215 | 665 | 1015 |
| 5 | | Bargarh Retrofitting | 9 | 14.13 | 0 | 0 | 67.97 | 67.03 | 67.97 | 2941 | 1745 | 2460 |
| 6 | | Pardawan WSS | 3 | 0.65 | 0 | 0 | 9.5 | 8.70 | 8.80 | 790 | 450 | 460 |
| 7 | | Kolhua Mafi | 1 | 0.05 | 0 | 0 | 2.55 | 2.00 | 2.00 | 60 | 30 | 30 |
| Total Chitrakoot | | | 64 | 68.12 | 13.84 | 14.60 | 464.49 | 395.76 | 425.18 | 32860 | 19402 | 20771 |

उक्त समीक्षा बैठक मे संज्ञानित हुआ है कि जल निगम की रेफ्ट्रोफिटिंग परियोजना अन्तर्गत पैकेज–01, 02, व 3, मऊ परियोजना, बरगढ परियोजना, परदवा परियोजना, कोल्हुवामाफी परियोजना, के CWRs, OHTs पाइपलाइन तथा हाउस कनेक्शन के कार्यो की प्रगति काफी धीमी एवं खराब है। लक्ष्य के अनुरूप मैनपावर एवं मशीनरी नही लगायी जा रही है। उपरोक्त अवशेष कार्यो के दृष्टिगत कार्यदायी संस्थाओ को अतिरिक्त मैनपावर एवं मशीनरी की तैनाती करते हुए गम्भीरता से (24x7) दिन–रात्रि कार्य कराने की आवश्यकता है। ताकि उपरोक्त कार्यो को ससमय पूर्ण किया जा सके। साथ ही साथ समीक्षा बैठक में उपस्थित थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन सैसिंस टेक लि0 के डिप्टी टीम लीडर श्री अभयनारायन दीक्षित एवं नोडल विभाग जल निगम के समस्त सहायक अभियन्ताओं को भी निर्देशित किया गया कि उक्त परियोजना के सभी ग्रामो के कार्य स्थलों पर नियमित रूप से निरीक्षण करते हुए उपरोक्त घटको पर प्रयोग होने वाले समस्त मैटेरियल/सामाग्रियो का मानक के अनुरूप क्वालिटी/गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए कार्यो मे भौतिक प्रगति बढाये जाने के पूर्ण सहयोग प्रदान करे तथा नोडल विभाग जल जीवन मिशन, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियन्ता, श्री आशीष कुमार भारती, उपरोक्त सभी कार्यो का निरन्तर अनुश्रवण करते हुए अपने स्तर स्वयं मानीटरिंग करने सख्त निर्देश दिये गये।

## लम्बित ऑनलाइन आई.जी.आर.एस सन्दर्भो का विवरण

| IGRS SUMMARY EE LEVEL | | | | | | | 02-10-2024 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| TYPE OF COMPLAIN | L&T | GVPR | JWIL | BARGARH | PACKAGE 1 | PACKAGE 2 | PACKAGE 3 | TOTAL |
| PIPE LAYING | 12 | 2 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 17 |
| ROAD RESTORATION | 13 | 2 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 17 |
| REGURAL WATER SUPPLY | 46 | 13 | 11 | 2 | 4 | 1 | 2 | 79 |
| LEAKAGE | 25 | 1 | 4 | 1 | 0 | 0 | 1 | 32 |
| HOUSE CONNECTION | 22 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 25 |
| TOTAL | 118 | 21 | 15 | 3 | 6 | 3 | 4 | 170 |

समीक्षा बैठक मे उपस्थित सभी कार्यदायी संस्थाओ प्रोजेक्ट मैनेजनर/टीम लीडर्स को निर्देशित किया गया कि अपने परियोजना क्षेत्र से सम्बन्धित सभी प्रकार की शिकायतें ऑफलाइन/ऑनलाइन आई.जी.आर.एस. सन्दर्भो का यथाशीघ्र/समयबद्ध एवं संतोषजनक, गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण कराया जाये तथा नोडल विभाग जल जीवन मिशन, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियन्ता, श्री आशीष कुमार भारती को निरन्तर अनुश्रवण करते हुए अपने स्तर से स्वयं मानीटरिंग करने के निर्देश दिये गये।

## परियोजनाओं की गहन समीक्षा के उपरान्त निम्नलिखित निर्देश दिये गयेः–

1– जल जीवन मिशन अन्तर्गत जनपद चित्रकूट में निर्माणाधीन समस्त कार्यदायी संस्थाओ को अपने–अपने परियोजना अन्तर्गत समस्त सिविल/इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल के सभी अवशेष कार्यो को माह अक्टूबर, 2024 तक पूर्ण करने का माइक्रो प्लान तैयार कर नोडल विभाग जल निगम (ग्रामीण) के कार्यालय को उपलब्ध कराये जाये। ताकि सम्बन्धित इंजीनियर्स द्वारा उपरोक्त कार्यो का नियमित रूप से मानीटरिंग की जाये।

2– समस्त कार्यदायी संस्थाओ द्वारा पाइप पेयजल परियोजनाओ के माध्यम से ग्रामीणो को "हर घर नल हर घर जल" के तहत सुरक्षित तथा शुद्व पेयजल उपलब्ध कराने हेतु क्लोरीनेशन उचित मात्रा मे किया जाये तथा रेग्युलर अन्तराल पर पेयजल सैम्पल लेकर जल गुणवत्ता का परीक्षण कराया जाये। उपरोक्त कार्य को गम्भीरता पूर्वक किया जाये इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही /शिथिलिता न बरती जाये।

3– जल जीवन मिशन अन्तर्गत जनपद मे निर्माणाधीन कार्यदायी संस्था (L&T) को सिलौटा मु0 एवं चांदीबांगर पाइप पेयजल परियोजना से आच्छादित 205 ग्राम तथा कार्यदायी संस्था (GVPR) के रैपुरा ग्राम समूह पाइप पेयजल परियोजना से आच्छादित 50 ग्रामो को दिनांक 31 अक्टूबर 2024 तक रोस्टवार नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित कराये जाने का लक्ष्य दिया गया है। इस प्रकार तीनो पाइप पेयजल परियोजनाओ से जनपद के कुल आच्छादित 416 ग्रामो में से 255 ग्रामों में रोस्टरवार नियमित जलापूर्ति करायी जा सकती है।

4–जल जीवन मिशन अन्तर्गत जनपद चित्रकूट में निर्माणाधीन सिलौटा मु0 एवं चांदी बांगर पाइप पेयजल परियोजना तथा रैपुरा ग्राम समूह पाइप पेयजल परियोजना तथा उ0प्र0 जल निगम की रेट्रोफिटिंग/डिमाण्ड ओनली वाली परियोजनाओ की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति लक्ष्य अनुरूप नही है। उपरोक्त परियोजनाओं के सभी घटको/संरचनाओ पर सामान्तर रूप पर्याप्त मैनपावर एवं मशीनरी की तैनाती करते हुए समयबद्व रूप से कार्य को पूर्ण कराया जाये।

5– निर्माणाधीन परियोजनाओ के जिन ग्रामों मे OHTs, डिस्ट्रिब्यूशन पाइपलाइन, हाउस कनेक्शन तथा रोड रेस्टोरेशन इत्यादि कार्यो को निर्धारित लक्ष्य अनुरूप पूर्ण कर लिया गया है तथा रोस्टरवार नियमित जलापूर्ति की जा रही हो उन सभीं ग्राम पंचायतों में खुली बैठक आयोजित कराकर "हर घर जल" मार्क किये जाने एवं प्रमाणीकरण की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर ली जाये।

6–कार्यदायी संस्था (L&T/GVPR) तथा टी0पी0आई0 के द्वारा जनपद चित्रकूट में निर्माणाधीन सिलौटा मु0 एवं चांदी बांगर पाइप पेयजल परियोजना तथा रैपुरा ग्राम समूह पाइप पेयजल परियोजना के समस्त घटको के कार्य स्थलो पर लक्ष्य के अनुरूप निर्धारित मैनपावर एवं मशीनरी की तैनाती सुनिश्चित की जाये। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे/नोडल विभाग जल जीवन मिशन उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियन्ता द्वारा कॉस चेकिंग कर उपस्थिति सुनिश्चित करायी जाएं।

7–जनपद के समस्त पाइप पेयजल परियोजनाओ द्वारा ग्रामीणों को सुरक्षित तथा शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु क्लोरीनेशन उचित मात्रा मे किया जाये। तथा नियमित रूप से पेयजल सैम्पल लेकर जल गुणवत्ता का परीक्षण कराया जाये। उपरोक्त कार्य को गम्भीरता पूर्वक किया जाये इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही/शिथिलिता न बरती जाये।

8–जनपद में निर्माणाधीन समस्त कार्यदायी संस्थाओ द्वारा अपने–अपने परियोजना अन्तर्गत कार्य हेतु प्रयुक्त सामाग्री एवं निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाये तथा कार्यो हेतु प्रचलित विशिष्टियों एवं मानको का कड़ाई से अनुपालन किया जाये।

9–प्रयुक्त सामाग्री का परीक्षण प्रचलित विशिष्टियों/मानको अनुसार किया जाये। टी0पी0आई द्वारा उपरोक्त मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

10–नोडल विभाग जल निगम ग्रामीण के समस्त इंजीनियर्स (सिविल/इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल)/टी0पी0आई0 द्वारा प्रतिदिन नियमित रूप से कार्यो का स्थलीय निरीक्षण करते हुये प्रचलित तकनीकी विशिष्टियों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्व रूप से निर्माण कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराया जाये। तथा अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण के द्वारा भी स्वयं के स्तर से प्रतिदिन मॉनीटरिंग कर अनुश्रण किया जाये।

11– जल निगम (ग्रामीण) द्वारा क्रियान्वित रेट्रोफिटिंग एवं डिमाण्ड ओनली योजनाओं को यथाशीघ्र एवं समयबद्व रूप से पूर्ण कर (FHTC) के लक्ष्य को प्राप्त किया जाये।

12–जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्माणाधीन सभी पाइप पेयजल परियोजनाओ के सभी घटकों में विद्युत कनेक्शन/ऊर्जीकृत किये जाने हेतु अवशेष सभी कार्यो को यथाशीघ्र/समयबद्व रूप से पूर्ण कराये ।

13–जल जीवन मिशन अन्तर्गत जनपद के समस्त निर्माणाधीन परियोजनायें तथा उ0प्र0 जल निगम की रेट्रोफिटिंग/डिमाण्ड ओनली वाली परियोजनाओ के अन्तर्गत घटकवार जैसे इण्टेकवेल, WTP, CWRs, OHTs पाइपलाइन, हाउस कनेक्शन, गैप क्लोजिंग/लीकेज/रोस्टरवार नियमित जलापूर्ति, कमीशनिंग, रोड रेस्टोरेशन तथा हर घर जल प्रमाणीकरण के अवशेष कार्यो को यथाशीघ्र एवं समयबद्व तरीके से पूर्ण कराया जाये।

14–नोडल विभाग जल निगम (ग्रामीण)/टी0पी0आई0/सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओ के समस्त इंजीनियर्स को जनपद के ग्रामीण क्षेत्रवासियों/मा0जन प्रतिनिधियों के साथ नियमित सम्पर्क स्थापित कर जल जीवन मिशन से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार की ऑनलाइन/ऑफलाइन/आई.जी.आर.एस के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायती प्रार्थना पत्रों का यथाशीघ्र/समयबद्ध एवं संतोषजनक, गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कराया जाये।

15–जल जीवन मिशन अन्तर्गत पाइपलाइन बिछाने हेतु खोदी गयी सडक/सी.सी.रोड/इण्टरलाकिंग इत्यादि को पाइपलाइन की हाइड्रोटेस्टिंग कार्य पूर्ण होने के उपरान्त तत्काल पुनः स्थापित करा दिया जाये। जिससे कि ग्रामीणो को परेशानी न हो।

इसके अतिरिक्त उक्त समीक्षा बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था-(L&T) / (GVPR)इंजीनियर्स लि0 के प्रोजेक्ट मैनेजर /डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर तथा जल निगम के समस्त ठेकेदारो को अपने-अपने परियोजना से आच्छादित घटकवार अवशेष कार्यो को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किये जाने हेतु कार्य स्थलों में अतिरिक्त मैनपावर/टीम/मशीनरी की तैनाती करते हुए समस्त अवशेष कार्यो को पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। समीक्षा बैठक में उपस्थित नोडल विभाग जल निगम ग्रामीण अधिशासी अभियन्ता सिविल/विद्युत यान्त्रिकी एवं (TPI) के डिप्टी टीम लीडर को निर्देशित किया गया कि अपने अधीनस्थ समस्त इंजीनियर्स को अपने स्तर से निर्देशित करें कि नियमित रूप से फील्ड भ्रमण कर प्रतिदिन की जी.पी. एस.फोटोग्राफ्स/रिपोर्ट की आख्या जे0जे0एम0 व्हॉटसेफ ग्रुप पर प्रेषित करने के साथ-साथ परियोजनाओ के लम्बित कार्यो की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाने हेतु अपने स्तर से स्वयं मानीटरिंग कर ससमय कार्य गुणवत्तापूर्वक कराते हुए योजनाओ के सफल क्रियान्वयन किये जाने के निर्देश के साथ सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।

उपरोक्त निर्देश का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

(शिवशरणप्पा जी0एन0)
जिलाधिकारी
चित्रकूट।

## कार्यालय जिलाधिकारी चित्रकूट

संख्या 01/कैम्प /एस0टी0-ए0डी0एम0 (नमामि गंगे) चित्रकूट /2024/JJm दिनांक 24/10/2024

**प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्रमुख सचिव महोदय (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. आयुक्त महोदय, चित्रकूटधाम मण्डल बांदा।
3. प्रबन्धक निदेशक, उ0प्र0जल निगम (ग्रामीण) उ0प्र0 लखनऊ।
4. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) लखनऊ ।
5. मुख्य विकास अधिकारी चित्रकूट।
6. अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) ग्रामीण जलापूर्ति विभाग चित्रकूट।
7. मुख्य अभियन्ता, (बुन्देलखण्ड क्षेत्र) उ0प्र0जल निगम ( ग्रामीण) झांसी ।
8. जिला विकास अधिकारी चित्रकूट।
9. जिला पंचायतराज अधिकारी चित्रकूट।
10. समस्त खण्ड विकास अधिकारी चित्रकूट।
11. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/नोडल विभाग चित्रकूट को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
12. समस्त सहायक अभियन्ता, सिविल/मैकनिकल इंजीनियर (SWSM) को आवश्यक कार्यवाही एवं अनुपालनार्थ।
13. डिप्टी टीम लीडर थर्ड पार्टी इंपेक्शन (टी0पी0आई0) को अनुपालनार्थ।
14. क्लस्टर हेड कार्यदायी संस्था L&T/GVPR को को आवश्यक कार्यवाही एवं अनुपालनार्थ।
15. प्रोजेक्ट मैनेजर/डी0पी0एम0 कार्यदायी संस्था L&T/GVPR को अनुपालनार्थ।
16. समस्त ठेकेदार उ0प्र0 जल निगम/रेट्रोफिटिंग पैकेज-1,2,3, मऊ व बरगढ रेट्रोफिटिंग, परदवां एवं कोल्हुवामाफी को अनुपालनार्थ।

जिलाधिकारी
चित्रकूट